web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, बुधवार 26 दिसम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-87

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पीएम मोदी ने दी वाजपेयी को श्रद्धांजलि

0-मदन मोहन मालवीय को भी किया नमन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिवंगत पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 94वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पीएम ने उनके जन्मदिन के मौके पर वाजपेयी स्मारक को राष्ट्र को समर्पित कर दिया। सदैव अटल स्मृति स्थल पर आयोजित प्रार्थना में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, पीएम नरेंद्र मोदी और अन्य अन्य गणमान्य हस्तियां यहां पहुंचीं। इस मौके पर पीएम ने कहा, वाजपेयी के योगदान को सदा याद रखा जाएगा। अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए प्रधानमंत्री ने अपने ट्वीट में कहा, 'हम सबके प्रिय, पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी जी को उनकी जयंती पर शत-शत नमन।

### धुएं से घुटा दम, दो की मौत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली में अंगीठी के धुंए से दम घुटकर दो की मौत हो गयी है। राजौरी गार्डन इलाके में दो लोगों की मौत अंगीठी के धुंए से हो गई। क्रिशमस से एक दिन पहले ठंड से बचने के लिए दोनों ने कमरे में अंगीठी जलाई थी। बताया जा रहा है कि इसी वजह से दोनों की मौत हो गयी। फिलहाल शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। सोमवार सुबह 2 लोगों की अंगीठी के धुएं से दम घुटने पर मौत हो गई।

### कोहरे से हवाईअड्डे पर परिचालन प्रभावित

**नयी दिल्ली(आरएनएस)।** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे (दिल्ली हवाईअड्डे) पर कम दृश्यता की वजह से उड़ानों का परिचालन प्रभावित हुआ और विमानों की रवानगी (प्रस्थान) दो घंटे तक बाधित रही। इस संबंध में एक अधिकारी ने कहा कि अब तक तीन अंतरराष्ट्रीय और घरेलू उड़ानों का रुख दूसरे हवाईअड्डों की तरफ किया गया है। हालांकि उड़ानों के आगमन को नहीं रोका गया है। अधिकारी के मुताबिक, कम दृश्यता उड़ान (एलवीटीओ) आवश्यकताएं पूरी नहीं होने की वजह से उड़ानों की रवानगी को सुबह सात बजकर 15 मिनट पर दो घंटे के लिए रोका गया। प्रस्थान सेवा 9 बजकर 16 मिनट पर फिर से शुरू हो सकी।

### सिविल सर्विसेज़ की अधिकतम आयुसीमा में नहीं होगा बदलाव

0-सरकार ने किया साफ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सिविल सर्विस एग्जाम की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। सिविल सर्विस एग्जाम के अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु सीमा कम करने की अटकलों को खारिज किया है। केंद्रीय मंत्री डॉ.जितेंद्र सिंह ने कहा है कि सिविल सर्विस एग्जाम के अभ्यर्थियों की अधिकतम आयु सीमा कम करने की अटकलों को खारिज किया है। उन्होंने कहा कि फिलहाल सरकार का ऐसा कोई इरादा नहीं है। उन्होंने कहा कि खबरों और अटकलों को विराम देना चाहिए।

### महत्वाकांक्षी फरीदाबाद-गुरुग्राम मेट्रो रूट को मंजूरी

0-नए साल पर केंद्र का तोहफा

**फरीदाबाद (आरएनएस)।** फरीदाबाद के लिए नया साल खुशखबरी लेकर आया है। केंद्र सरकार ने फरीदाबाद के लोगों को नए साल का तोहफा देते हुए फरीदाबाद- गुरुग्राम के बीच लंबित महत्वाकांक्षी मेट्रो परियोजना को मंजूरी दे दी है। हालांकि, इस रूट पर मेट्रो का संचालन 2021 में शुरू हो पाएगा। केंद्रीय राज्यमंत्री एवं फरीदाबाद के सांसद कृष्णपाल गुर्जर ने एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान सोमवार को यह जानकारी दी। फरीदाबाद से गुरुग्राम तक इस परियोजना पर करीब 5900 करोड़ की लागत आएगी, जिसकी डीपीआर छह महीने में तैयार होगी। इस रूट पर मार्च, 2021 से मेट्रो के संचालित होने की संभावना है।

## भारत के सबसे लंबे रेल-सड़क पुल का पीएम मोदी ने किया उद्घाटन

▶ लड़ाकू विमान भी उतर सकेंगे



**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को असम के डिब्रूगढ़ में भारत के सबसे लंबे रेल-सड़क पुल का उद्घाटन किया। इस दौरान पीएम मोदी ने खुली जीप में सवार होकर पुल का दीदार भी किया। ब्रह्मपुत्र नदी पर बोगीबील में बनी 4.94 किलोमीटर लंबी और रणनीतिक दृष्टि से महत्त्वपूर्ण यह परियोजना न केवल आम लोगों के लिए बल्कि देश की सुरक्षा के लिए बल्कि अग्रिम मोर्चे पर सैन्य साजो सामान भेजने में अहम भूमिका निभाएगी। इस पुल पर आपात स्थिति में लड़ाकू विमान भी उतर सकेंगे।

यह बोगीबील पुल, असम समझौते का हिस्सा रहा है और 1997-98 में इसकी सिफारिश की गई थी। आपको बता दें कि यह पुल अरुणाचल प्रदेश में भारत-चीन सीमा पर रक्षा सेवाओं के लिए भी संकट के समय में खास भूमिका निभा सकता है। प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने 22 जनवरी, 1997 को इस पुल की आधारशिला रखी थी लेकिन इस पर काम 21 अप्रैल, 2002 को तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के समय में शुरू हो सका। पुल का शुभारंभ आज 25 दिसंबर को वाजपेयी की वर्षगांठ पर किया गया है।

परियोजना में अत्यधिक देरी के कारण इसकी लागत में 85 फीसदी की बढ़ोत्तरी हो गई। शुरुआत में इसकी लागत 3230.02 करोड़ रुपये थी, जो बढ़कर 5,960 करोड़ रुपये हो गई। इस बीच पुल की लंबाई भी पहले की निर्धारित 4.31 किलोमीटर से बढ़ाकर 4.94 किलोमीटर कर दी गई। परियोजना के रणनीतिक महत्व को देखते हुए केंद्र सरकार ने इस पुल के निर्माण को 2007 में राष्ट्रीय परियोजना घोषित किया था। इस कदम के बाद से धन की उपलब्धता बढ़ गई और काम की गति में तेजी आ गई।

## राजौरी में अग्रिम चौकियों को पाक ने बनाया निशाना, स्कूल बंद



**जम्मू, (आरएनएस)।** पाकिस्तान ने एक बार फिर संघर्ष विराम का उल्लंघन करते हुए जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी की है। इसके बाद जिला प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाते हुए स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पाकिस्तान की ओर से सुबह लगभग साढ़े नौ बजे नौशेरा सेक्टर के केरी, लाम, पुखर्नी और पीर बडासेर क्षेत्रों में गोलीबारी की गई। इन क्षेत्रों में गोलीबारी रुक-रुक कर पांच घंटे तक जारी रही।

राजौरी के एसएसपी युगल मन्हास ने बताया कि प्रशासन ने विद्यार्थियों की सुरक्षा और किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पांच किलोमीटर के दायरे में स्थित सभी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। उन्होंने बताया कि नियंत्रण रेखा की रक्षा कर रहे सैनिकों ने पाकिस्तानी गोलीबारी का माकूल जवाब दिया गया है। तत्काल किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

जानकारी के अनुसार, इस हालिया घटना ने सीमा क्षेत्र में रहनेवाले लोगों में घबराहट पैदा कर दी लेकिन लोगों के इस क्षेत्र से जाने की तत्काल कोई खबर नहीं है। उन्होंने बताया कि दोपहर ढाई बजे के बाद से गोलीबारी की घटना नहीं हुई, लेकिन सुरक्षा बल कड़ी निगरानी रख रहे हैं। गोलीबारी का लाभ उठाकर घुसपैठ करने की कोशिश करने वाले आतंकवादियों को रोकने के लिए गश्त की जा रही है।

## 3 महीने की गर्भवती गाय के साथ रेप, मामला दर्ज



**पूर्व गोदावरी।** आन्ध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले से एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां पिथापुरम मंडल के गोकिवाड़ा गांव में अज्ञात लोगों के खिलाफ एक गाय का रेप करने का आरोप है। मामला तब सामने आया जब स्थानीय किसान नामा राजू को रविवार सुबह अपनी एक गाय गायब मिली। बताया जा रहा है कि गाय 3 महीने की गर्भवती थी। पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है। राजू गोकिवाड़ा और बी कोथुरु के बीच एक गोशाला चलाते हैं। गोशाले में 3 गायें, दो बैल और एक बछड़ा है। गाय के लिए राजू ने इधर-उधर तलाशना शुरू किया जो कि 3 महीने की गर्भवती भी थी। तभी एक खेत में राजू को अपनी गाय दिखी जो एक पेड़ से बंधी हुई थी और उसके प्राइवेट पार्ट्स से खून निकल रहा था। किसान अपनी गाय को स्थानीय पशुचिकित्सक के पास ले गया जिन्होंने गाय के साथ यौन उत्पीड़न की पुष्टि की। उन्होंने यह भी कहा कि जानवर के शरीर में कुछ इंजेक्शन भी दिए गए। इसके बाद किसान ने पिथापुरम ग्रामीण पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। खबर फैलने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस स्टेशन पहुंचकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। पिथापुरम ग्रामीण एसआई पीवीआर मूर्ति मामले की जांच कर रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस तरह की घटनाएं पहले भी यहां हो चुकी हैं।

## परिवार, डॉक्टर रहे करीब इसलिए लाहौर जेल में सजा काटेंगे नवाज



**लाहौर।** पाकिस्तान की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की याचिका को स्वाकार करते हुए उन्हें भ्रष्टाचार के एक मामले में जेल की सजा लाहौर स्थित कोट लखपत जेल में काटने की मंजूरी दे दी है। उल्लेखनीय है कि अल-अजिजिया स्टील मिल्स भ्रष्टाचार मामले में भ्रष्टाचार रोधी कोर्ट ने सोमवार को नवाज (69) को सात साल की सजा सुनाई है।

नवाज ने अपनी याचिका में अपील की थी कि उनका परिवार और निजी डॉक्टर लाहौर में रहते हैं, लिहाजा उन्हें लाहौर की जेल में सजा काटने की इजाजत दी जाए जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। इस दौरान पाकिस्तान मुस्लिम लीग नवाज (पीएमएल-एन) के समर्थक जेल के बाहर उनकी एक झलक लेने के लिए जमा हो गए।

हालांकि, कड़ी सुरक्षा के कारण उन्हें जेल के करीब नहीं आने दिया गया। पुलिस को इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं के ऊपर लाठीचार्ज करना पड़ा जो जेल के करीब आने की कोशिश कर रहे थे।

जेल प्रशासन के अनुसार, नवाज को कारावास में बेहतर सुविधाएं दी जाएंगी। उन्हें मैटरेस, स्टडी टेबल, दो चेयर, एक टीवी सेट और समाचार पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। नवाज को उसी बैरक में रखा गया है जहां पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी को 90 के दशक में भ्रष्टाचार के मामले में रखा गया था। कोट लखपत जेल पहुंचने के बाद नवाज का मेडिकल टेस्ट कराया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें पूरी तरह स्वस्थ बताया।

उल्लेखनीय है कि नवाज को हाइ-प्रोफाइल पनामा पेपर से जुड़े भ्रष्टाचार के एक मामले में भ्रष्टाचार रोधी कोर्ट ने सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट की सुनवाई के बाद उन्हें रावलपिंडी के अडियाला जेल ले जाया गया था, लेकिन अगले ही दिन उनकी अपील के बाद लाहौर की जेल में शिफ्ट कर दिया गया।

## सैनिकों का वेतन तो नहीं बढ़ाती लेकिन हथियारों की खरीद में घोटाले करती है मोदी सरकारःठाकरे



**पढरपुर (आरएनएस)।** राफेल डील को लेकर विपक्ष के हमलों को झेल रही मोदी सरकार को अब अपनों के भी निशाने पर हैं। यशवंत सिन्हा और अरुण शौरी जैसे बीजेपी के बागी नेताओं के बाद अब एनडीए की सहयोगी शिवसेना ने भी राफेल डील को लेकर मोदी सरकार पर हमला बोला है। महाराष्ट्र के पंढरपुर में एक रैली के दौरान शिव सेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि मोदी सरकार हथियारों और गोला-बारूदों की खरीद में घोटाले कर रही है लेकिन सैनिकों का वेतन नहीं बढ़ा रही।

राफेल डील पर ठाकरे ने कहा, एक कंपनी जिसके पास कोई अनुभव नहीं था, उसे कॉन्ट्रैक्ट दे दिया गया। देश के सैनिकों का वेतन बढ़ाने की जरूरत है, जिसे आप नहीं बढ़ाते लेकिन आप हथियारों और गोला-बारूदों की खरीदारी में घोटाला करते हैं। शिवसेना चीफ ने कहा, राफेल डील को लेकर तमाम आरोप हैं और मैं नहीं जानता कि सुप्रीम कोर्ट ने क्लीन चिट कैसे दिया। लैकिन मैं जानता हूं कि मोदी सरकार ने जवानों का वेतन बढ़ाने से इनकार कर दिया है।

ठाकरे ने जेडीयू चीफ नीतीश कुमार और एलजेपी प्रमुख रामविलास पासवान पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि नीतीश और पासवान को हिन्दुत्व और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण पर अपना रुख घोषित करना चाहिए। राम मंदिर पर ठाकरे ने कहा कि 30 साल हो गए और सरकार आज भी कह रही है कि मामला कोर्ट में है। उन्होंने कहा, हिंदू मासूम हैं, मूर्ख नहीं। एक बार संसद में राम मंदिर मुद्दे पर बहस करा लीजिए, पता लग जाएगा कि एनडीए में कौन आपके साथ है। ठाकरे ने कहा कि शिवसेना, राम मंदिर, किसान कर्ज माफी और फसल बीमा पर फैसला हो जाने तक बीजेपी के साथ गठबंधन में दिलचस्पी नहीं रखती है।

### चोर महिलाओं का गैंग गिरफ्तार

**नईदिल्ली(आरएनएस)।** दिल्ली के सरोजिनी नगर थाना पुलिस ने चोर महिलाओं का गैंग गिरफ्तार किया है. पांच महिलाओं वाला यह ऐसा गैंग है जो सरोजिनी नगर मार्केट से मिनटों में बैग और सामान को चोरी कर लेता था. इन महिलाओं के पास से 20 यूरो करेंसी, 3 पर्स और कुछ नकदी बरामद हुई है. पुलिस के मुताबिक इन महिलाओं से पूछताछ की जा रही है. साथ ही दिल्ली के बाजारों में सक्रिय अन्य महिला चोर गैंगों के बारे में भी जानकारी ली जा रही है।

## किसानों में साख और मजबूत करने जुटी मोदी सरकार



जल्द हो सकता है बड़ा ऐलान

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** गांवों और किसानों में अपनी साख नए सिरे से मजबूत करने के लिए केंद्र सरकार कुछ खास करने की दिशा में गंभीरतापूर्वक सोच रही है। इसके तहत यूनिवर्सल बेसिक इनकम (यूबीआई) और तेलंगाना के किसान मॉडल की संभावना पर विचार हो रहा है। केंद्र सरकार और बीजेपी को लगता है कि राहुल गांधी की अगुआई में कांग्रेस जिस तरह किसानों से जुड़े मुद्दे को आक्रामक तरीके से उठा रही है, उसका अगर मजबूती से जवाब नहीं दिया गया तो आम चुनाव में इसका प्रतिकूल असर हो सकता है। बता दें कि कांग्रेस अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में किसानों के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था और कृषि कर्जमाफी का वादा किया था। तीनों ही राज्यों में बीजेपी को सत्ता से रुखसत होना पड़ा। जाहिर है, कांग्रेस आगे भी किसानों के मुद्दों को आक्रमकता से उठाएगी। राहुल गांधी ने रविवार को पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह की जयंती किसान दिवस के मौके पर इसका संकेत भी दे दिया। उन्होंने थैंक्यू फार्मर्स हैशटैग के साथ ट्वीट किया, हमारे किसानों के आने वाले कल को सुरक्षित करने के लिए मैं वो हर कोशिश करने वाला हूं, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित बने। यह सिर्फ वादा नहीं है, कर्तव्य भी है मेरा। किसान दिवस के अवसर पर देश के किसानों को सलाम। आप हो तो हम हैं।

15 जनवरी के बाद मोदी सरकार कर सकती है बड़ा ऐलान

सूत्रों के अनुसार 27 दिसंबर को पीएम नरेन्द्र मोदी यूबीआई को लागू किए जाने के लिए अबतक की गई जमीनी काम की समीक्षा करेंगे। सरकार इसे देश के 10 करोड़ लोगों के बीच लागू करने की योजना पर काम कर रही है। 15 जनवरी के बाद ऐलान संभव है। इस स्कीम के तहत हर किसी को हर महीने एक खास राशि दी जाती है। सरकार शुरू में दो से ढाई हजार रुपये हर महीने देने की योजना पर काम कर रही है।

## अब प्रधानमंत्री मोदी मुझसे सलाह नहीं लेतेःपवार

0-एनसीपी चीफ ने कसा तंज



**नागपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के प्रमुख शरद पवार ने एक कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तंज कसा। शरद पवार ने कहा कि पीएम मोदी अपने शुरुआती दो वर्षों के कार्यकाल के दौरान मुझे सलाह के लिए बुला लिया करते थे, लेकिन इसके बाद प्रधानमंत्री ने मुझसे कभी भी कोई सलाह-मशविरा नहीं किया।

बता दें कि महाराष्ट्र के गोंदिया में स्टेट टीचर्स लिटररी फेस्टिवल का आयोजन किया गया था। इसी कार्यक्रम के दौरान भारतीय राजनीति में काफी अनुभवी माने जाने वाले शरद पवार ने पीएम मोदी पर निशाना साधा। गौरतलब है कि नरेंद्र मोदी ने एक बार इस बात का जिक्र किया था कि शरद पवार उनके राजनीतिक मार्गदर्शक हैं।

## चार जनवरी को होगी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** राम मंदिर-बाबरी मस्जिद मामले में सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिकाओं पर सुनवाई 4 जनवरी को होगी। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि चीफ जस्टिस रंजन गोगोई की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच मामले की सुनवाई करेगी। दरअसल, नवंबर महीने में सुप्रीम कोर्ट ने राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले में याचिकाओं पर शीघ्र सुनवाई से इनकार कर दिया था। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई और न्यायमूर्ति संजय किशन कौल की पीठ ने कहा था कि उसने पहले ही अपीलों को जनवरी में उचित पीठ के पास सूचीबद्ध कर दिया है। अखिल भारतीय हिंदू महासभा की ओर से उपस्थित अधिवक्ता बरुण कुमार के मामले पर शीघ्र सुनवाई करने के अनुरोध को खारिज करते हुए पीठ ने कहा था कि हमने आदेश पहले ही दे दिया है कि अपील पर जनवरी में सुनवाई होगी और यह अनुमति ठुकराई जाती है। सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले राम जन्मभूमि-बाबरी मस्जिद भूमि विवाद मामले को जनवरी के पहले सप्ताह में उचित पीठ के पास सूचीबद्ध किया था। पीठ को मामले पर सुनवाई की तारीख के बारे में फैसला करना था। आज तारीख के बारे में बता दिया गया है। अब इस मामले की सुनवाई चार जनवारी को होगी। इस मामले में हिन्दू संगठनों के नेता जल्द से जल्द मामले के निवटारे के पक्ष में लगातार बयान दे रहे हैं।